# प्रश्न-पत्र की रूपरेखा

**सत्र 2025-26**

## कक्षा आठवीं

**विषय : हिंदी (द्वितीय भाषा)**

**समय: 3 घंटे** **पूर्णांक (लिखित 80 अंक + आंतरिक मूल्यांकन 20 अंक) = 100**

***नोट-(i) प्रश्न-पत्र के छह भाग (क से च तक) होंगे। (ii) प्रश्न-पत्र में कुल दस प्रश्न होंगे। (iii) सभी प्रश्न हल करने अनिवार्य होंगे।***

### भाग-क : (i)बहुवैकल्पिक उत्तरों वाले प्रश्न (10)

प्रश्न-.1(I) पाठ्य पुस्तक में से पर्यायवाची शब्द, शब्द-शुद्धि, संज्ञा, सर्वनाम, कारक, विशेषण, क्रिया की पहचान, क्रिया-विशेषण और पंजाबी से हिंदी शब्द अनुवाद से संबंधित बहुवैकल्पिक उत्तरों वाले छह वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जाएँगे। प्रत्येक प्रश्न एक अंक का होगा। 6x1=6

(II)पाठ्य पुस्तक के कविता भाग के अभ्यासों में से दो अति लघूत्तर बहुवैकल्पिक उत्तरों वाले प्रश्न पूछे जाएँगे। प्रत्येक प्रश्न एक अंक का होगा। 2x1=2

(III) पाठ्य-पुस्तक में से बहुवैकल्पिक उत्तरों से सम्बन्धित दो कठिन शब्दों के अर्थ पूछे जाएँगे। प्रत्येक प्रश्न एक अंक का होगा। 2x1=2

### (ii) अन्य वस्तुनिष्ठ प्रश्न (10)

***नोट:'मिलान कीजिए", 'रिक्त स्थान भरो' 'एक शब्द' अथवा 'एक वाक्य उत्तर दें किसी भी प्रकार के हो सकते हैं। प्रश्न पत्र निर्माता इनमें से किसी भी प्रकार से निम्नलिखित अनुसार यथोचित प्रश्न पूछ सकता है ।***

(IV) पाठ्य-पुस्तक के पद्यांश पर आधारित चार प्रश्न पूछे जाएँगे। दो प्रश्नों के उत्तर पद्यांश में से ढूँढ़कर लिखने के लिए होंगे । अन्य दो प्रश्न कठिन शब्दों के अर्थ / पद्यांश के केन्द्रीय भाव/मूल भाव से सम्बन्धित दिए जाएँगे। प्रत्येक प्रश्न एक अंक का होगा। 4x1=4

(V) पाठ्य-पुस्तक में से लिंग बदलो, वचन बदलो, विपरीत शब्द, भाववाचक संज्ञा निर्माण, विशेषण निर्माण, अनेक शब्दों के लिए एक शब्द, विराम चिह्न से सम्बन्धित उत्तरों वाले प्रश्नों में से तीन वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जाएँगे। प्रत्येक प्रश्न एक अंक का होगा । 3x1=3

(VI) पाठ्य-पुस्तक में से पुरुष, काल, वाच्य, संबंधबोधक, योजक तथा विस्मयादिबोधक की पहचान, 'र' के विभिन्न रूप से सम्बन्धित उत्तरों वाले प्रश्नों में से तीन वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जाएँगे। प्रत्येक प्रश्न एक अंक का होगा । 3x1=3

### भाग-ख: पाठ्य पुस्तक (24)

प्रश्न - 2 पाठ्य-पुस्तक के गद्य भाग में से बारह अति लघूत्तर प्रश्न पूछे जाएँगे, जिनमें से दस प्रश्नों के उत्तर लगभग एक-दो पंक्तियों में लिखने के लिए कहा जाएगा। 10x1=10

प्रश्न- 3 पाठ्य पुस्तक में से पाँच निबन्धात्मक प्रश्न पूछे जाएँगे, जिनमें से तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग चार-पाँच पंक्तियों में लिखने के लिए कहा जाएगा। 3x4=12

प्रश्न-4. पाठ्य-पुस्तक में से 'संवाद-किसने किससे कहे' के अंतर्गत तीन वाक्य दिए जाएँगे जिनमें से दो के उत्तर देने के लिए कहा जाएगा। **2×1=2**

### भाग-ग: अनुवाद (4)

प्रश्न-5 पाठ्य-पुस्तक में से पंजाबी के तीन वाक्य देकर उनमें से किन्हीं दो का हिंदी में अनुवाद करने के लिए कहा जाएगा । 2x2=4

### भाग-घ: अपठित गद्यांश (6)

प्रश्न-6 एक अपठित गद्यांश को पढ़कर छह प्रश्नों के उत्तर देने के लिए कहा जाएगा । 6x1=6

### भाग-ङ: मुहावरे एवं लोकोक्तियाँ (6)

प्रश्न-7 पाठ्य-पुस्तक में से आठ मुहावरे / लोकोक्तियाँ देकर उनमें से किन्हीं छह मुहावरे / लोकोक्तियों को वाक्यों में अर्थ स्पष्ट करने के लिए कहा जाएगा। 6x1=6

### भाग-च: रचनात्मक लेखन (20)

प्रश्न- 8 कोई दो पत्र देकर उनमें से किसी एक पत्र को लिखने के लिए कहा जाएगा । 7

प्रश्न-9 किन्हीं तीन विषयों पर संकेत बिंदु देकर उनमें से किसी एक विषय पर लगभग 150 शब्दों में निबन्ध लिखने के लिए कहा जाएगा । 8

प्रश्न-10 एक शब्द सारिणी में बाएँ से दाएँ और ऊपर से नीचे की ओर दिए गए आठ सार्थक शब्दों में से पाँच सार्थक शब्द चुनकर उनके वाक्य बनाने के लिए कहा जाएगा । 5